संचालनालय, नगर तथा ग्राम निवेश, छत्तीसगढ़,
ब्लॉक–4, तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर रायपुर (छ.ग.)

Email ID-cgtownplan@gmail.com Fax-0771-2511851

2434
विज्ञप्ति क्र./स्था/सी.भ. 18/नग्रानि/19, नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 11/07/2019

//विज्ञापन//

छ.ग. शासन, आवास एवं पर्यावरण विभाग, मंत्रालय के ज्ञापन क्रमांक एफ 1–1/2015/32, दिनांक 05.09.2018 अनुसार छ.ग. नगर तथा ग्राम निवेश अंतर्गत सहायक प्रोग्रामर के, रिक्त पदों पर सीधी भर्ती द्वारा नियुक्ति करने के लिये छ.ग. के स्थानीय निवासियों से ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 16.07.2019 से छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर के वेबसाईट www.cgvyapam.choice.gov.in पर ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

पदनाम	पुरीक्षित वेतनमान/लेवल	सीधी भर्ती के रिक्त पद						
		कुल रिक्त पद	संवर्ग	मुक्त	महिला	भू.पू.सै.	दिव्यांग	योग
सहायक प्रोग्रामर	वेतन मैट्रिक्स लेवल–9 (38100–120400)	01	अनारक्षित	01	–	–	–	01
			अनु.ज.जा.	–	–	–	–	–
			अनु.जा.	–	–	–	–	–
			अ.पि.व.	–	–	–	–	–
			महायोग	01	–	–	–	01

सहायक प्रोग्रामर पद की विवरण, शैक्षणिक/तकनीकी अर्हताएं :–

1. सेवा श्रेणी : तृतीय श्रेणी
2. आयु सीमा : 20–35 वर्ष
3. न्यूनतम शैक्षणिक अर्हताएं : किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि एवं मास्टर ऑफ कम्प्यूटर एप्लीकेशन में डिग्री.

नोट :– परीक्षा संचालन संबंधी व्यापम का नियम, परीक्षा पाठ्यक्रम तथा अन्य जानकारी व्यापम की वेबसाईट www.cgvyapam.choice.gov.in पर देखा जा सकता है।

संयुक्त संचालक
संचालनायल, नगर तथा ग्राम निवेश
नवा रायपुर अटल नगर रायपुर

प्रोग्रामर के पद पर भर्ती परीक्षा 2019 हेतु नियम एवं शर्तें :–

तृतीय श्रेणी पदों पर नियुक्तियां छ.ग. नगर तथा ग्राम निवेश सेवा भर्ती नियम 2008 एवं संशोधित भर्ती नियम, 2015 के अंतर्गत की जायेगी।

(2) दिनांक 01.01.2019 को उसने 20 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो, किन्तु 35 वर्ष की आयु से अधिक न हो । छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग आयु के संबंध में समय–समय पर जारी निर्देशों के आधार पर उम्मीदवारों को आयु में दी जाने वाली सभी प्रकार की छूटों को सम्मिलित करने के बाद शासकीय सेवा में नियुक्ति हेतु अधिकतम आयु 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी ।

(3) पद के लिये निर्धारित्त अनिवार्य शैक्षणिक अर्हताएं वांछनीय है और इन अर्हताओं के होने मात्र से ही आवेदक नियुक्ति का हकदार नहीं होगा ।

(4) यह नियुक्ति छत्तीसगढ़ के लिये है अतएव चयनित उम्मीद्वार की रिक्तियों के आधार पर छत्तीसगढ़ राज्य के अन्दर स्थापित संचालनालय अथवा किसी भी क्षेत्रीय कार्यालय में पदस्थापना दी जावेगी ।

(5) अर्हता के प्रकाशन में लिपिकीय अथवा टंकण त्रुटि की दशा में छ.ग. नगर तथा ग्राम निवेश तृतीय श्रेणी (लिपिकीय तथा अलिपिकीय संवर्ग) सेवा तथा भर्ती नियम 2008 एवं संशोधित भर्ती नियम 2015 में उक्त पद हेतु विहित अर्हता ही मान्य होगी ।

(6) आवेदक को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य है।

(7) छत्तीसगढ़ राज्य के जिला रोजगार कार्यालय में आवेदक का जीवित पंजीयन होना आवश्यक है एवं आवेदन करने की तिथि को आवेदक के समस्त आवश्यक प्रमाण पत्र जीवित (वैध) होना अनिवार्य है।

(8) चयनित उम्मीदवार को दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि में रखा जायेगा।

(9) उपरोक्त पदों पर चयन के समय अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्ग के उम्मीदवारों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्थायी जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

(10) शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थाओं में कार्यरत कर्मचारियों के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र नियुक्ति के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

(11) व्यापम का दायित्व मात्र परीक्षा आयोजित कर परीक्षा परिणाम जारी करने तक सीमित रहेगा। मेरिट के आधार पर चयन/नियुक्ति की प्रकिया विभाग द्वारा की जायेगी।

संयुक्त संचालक
संचालनालय, नगर तथा ग्राम निवेश
नवा रायपुर अटल नगर रायपुर